भारत कोकिंग कोल लि० में नियुक्ति

305. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत कोकिंग कोल लि० ने 1983 के प्रारंभ में "ई" ग्रेड में नियुक्ति के लिए एक प्रतीक्षा सूची तैयार की थी;

(ख) क्या उपर्युक्त सूची में से कुछ व्यक्तियों को जून, 1983 में खपा लिया गया था;

(ग) क्या यह सच है कि इसके बाद पद रिक्त होने पर भी कोई नियुक्ति नहीं की गई; और

(घ) क्या यह भी सच है कि जब इस वर्ष नियुक्तियां शुरू की गई, उपर्युक्त प्रतीक्षा सूची में अनेक व्यक्तियों को मनमाने ढंग से नियुक्त किया गया और प्रतीक्षा सूची में उनके क्रमांक का खयाल नहीं किया गया ?

ऊर्जा मंत्री (श्री वसन्त साठे) : (क) और (ख) भारत कोकिंग कोल लि० ने खुदाई वर्ग "ई" में फिटर-हेल्पर (खुदाई) के पद पर नियुक्ति के लिए 1983 के प्रारम्भ में 7 व्यक्तियों का एक पैनल बनाया था । इस पैनल के छः व्यक्तियों की विधिवत नियुक्ति हो गई थी । सातवें व्यक्ति को नियुक्त नहीं किया जा सका क्योंकि उसका अनुभव प्रमाण-पत्र जाली पाया गया ।

(ग) जी, हां । इसका कारण यह था कि तब तक पैनल पूरा हो चुका था। बाद में रिक्तियां भरने पर रोक लगा दी गई तथा कंपनियों से कहा गया कि वे जनशक्ति पर कड़ा नियंत्रण रखने की दृष्टि से आगे भर्ती मत करें ।

(घ) इस वर्ष कोई नियुक्तियां नहीं की गई हैं ।

जाली टर्मिनेशन वाउचर

306. श्री सुनील कुमार पट्टनायक :
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के घरेलू गैस वितरकों को कुछ समाज-विरोधी तत्वों से जाली टर्मिनेशन वाऊचर जो इन्हें दिल्ली में रह रहे ग्राहकों से प्राप्त कर रहे हैं और जिनकी धरोहर राशि अधिक नहीं है, प्राप्त हो रहे हैं और यदि हां, तो क्या इस मामले की कोई जांच की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली के घरेलू गैस वितरकों को देश के विभिन्न भागों से कुल कितने जाली टर्मिनेशन वाऊचर प्राप्त हुए ;

(घ) क्या जाली टर्मिनेशन वाऊचरों की वास्तविकता का पता लगाने के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो से कोई जांच करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ङ) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री और वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) इंडियन आयल कारपोरेशन को एल पी जी वितरकों को अपने सामान्य व्यापार के दौरान कुछ जाली ट्रान्सफर वाउचर प्राप्त हुए हैं। सामान्यतः टर्मिनेशन वाउचर की प्रामाणिकता के संबध में प्राप्त करने वाले वितरक के द्वारा जारी करने वाले वितरक से पुष्टि करने के समय जाली वाउचर पकड़े जाते हैं। जहां भी व्यावहारिक होता है कनेक्शन को रद्द करने तथा पुलिस में मामला दर्ज करवाने सहित कार्रवाई की जाती है ।